**Series &RQPS/S**

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **73/S**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# मूर्तिकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# SCULPTURE (Theory) (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***खण्ड क : सभी*** *प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है)*

*(ii)* ***खण्ड ख : सभी*** *प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का **2** अंक है)*

*(iii)* ***खण्ड ग : किन्हीं दो*** *प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का **6** अंक है)*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पी प्रश्न)

**1.** दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *8×1=8*

(i) सावंत सिंह व बनी ठनी का प्रेम किसके प्रेम को प्रदर्शित करता है ?

(A) शिव और पार्वती (B) ढोला और मारु

(C) राधा और कृष्ण (D) राम और सीता

(ii) *अभिकथन (A) :* जहाँगीर ने नादिर उल अस्र (युग का आश्चर्य) नाम उस्ताद मंसूर को दिया।

*कारण (R) :* जहाँगीर के पास पशु-पक्षियों का विशेष संग्रह था और वह उन्हें चित्रित नहीं करवाते थे।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(iii) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की तीन मुख्य अवस्थाओं के वर्ष कौन-से थे ?

(A) 1906, 1930 और 1947 (B) 1910, 1920 और 1947

(C) 1912, 1921 और 1947 (D) 1906, 1921 और 1947

(iv) उस चित्र को पहचानिए जिसमें बहुत सारे कथा वृतान्त को एक दृश्य बनाया गया है।

(A) मारु रागिनी (B) भरत का राम से चित्रकूट में मिलन

(C) चौगान के खिलाड़ी (D) कृष्ण झूले पर

***General Instructions :***

*(i)* ***Section – A :*** *Attempt* ***all*** *questions. (Each question will carry* ***1*** *mark.)*

*(ii)* ***Section – B :*** *Attempt* ***all*** *questions. (Each question will carry* ***2*** *marks.)*

*(iii)* ***Section – C :*** *Attempt* ***any two*** *questions. (Each question will carry* ***6*** *marks.)*

## SECTION – A

## (Multiple Choice Questions)

**1.** Select the right answer from the given options : *8×1=8*

(i) Sawant Singh and Bani-Thani were represented as which eternal lovers ?

(A) Shiva and Parvati (B) Dhola and Maru

(C) Radha and Krishna (D) Ram and Sita

(ii) *Assertion (A) :* Jahangir gave the title Nadir ul Asr (Wonder of the Age) to Ustad Mansur.

*Reason (R) :* Jahangir had a fine collection of exotic birds and animals but he never got them painted.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(iii) What are the years corresponding to the three main stages of the evolution of our national flag ?

(A) 1906, 1930 and 1947 (B) 1910, 1920 and 1947

(C) 1912, 1921 and 1947 (D) 1906, 1921 and 1947

(iv) Identify the painting where continuous narrative, which means that various episodes, have been shown in a single scene (painting).

(A) Maru Ragini (B) Bharat meets Rama at Chitrakut

(C) Chaugan Players (D) Krishna on Swing

(v) किस चित्र में गायों को अलग-अलग आकार के सींगों, खाल का वास्तविक रंग व शारीरिक गठन के साथ वास्तविकता से दर्शाया है ?

(A) नंद, यशोदा व कृष्ण संबंधियों के साथ वृंदावन जाते हुए

(B) चौगान के खिलाड़ी

(C) मारु रागिनी

(D) कृष्ण गोपियों के संग

(vi) भारत सरकार ने 1973 में किस लघुचित्र की डाक-टिकट जारी की थी ?

(A) पक्षी-विश्राम पर बाज़

(B) राधा (बनी ठनी)

(C) कबीर व रैदास

(D) मारु रागिनी

(vii) *अभिकथन (A) :* "कृष्ण गोपियों के संग" चित्र में कलाकार ने कृष्ण व गोपियों को सुन्दर आभूषणों से सजाया है।

*कारण (R) :* हरे आभूषण महँगे पन्ने होते थे जो कि तैयार चित्रों पर चिपकाए जाते थे।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(viii) "राधिका" किसने चित्रित की ?

(A) एम.ए.आर. चुगताई

(B) रामगोपाल विजयवर्गीय

(C) नंदलाल बोस

(D) अवनींद्रनाथ टैगोर

(v) In which painting are cows realistically depicted amid distinct sizes of horns, skin colours and other anatomical details ?

(A) Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavana

(B) Chaugan Players

(C) Maru Ragini

(D) Krishna with Gopis

(vi) The Government of India has issued a postal stamp in 1973 on which of the following miniature paintings ?

(A) Falcon on a Bird Rest

(B) Radha (Bani Thani)

(C) Kabir and Raidas

(D) Maru Ragini

(vii) *Assertion (A) :* In the painting "Krishna with Gopis", the artist has shown Krishna and Gopis decked with beautiful ornaments.

*Reason (R) :* The green ornaments were precious emeralds that were pasted on the finished painting.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(viii) Who painted "Radhika" ?

(A) M.A.R. Chughtai

(B) Ramgopal Vijayvargiya

(C) Nandalal Bose

(D) Abanindranath Tagore

## खण्ड ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** *5×2=10*

*(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित है।)*

**2.** (क) चित्रकला को दो भागों में विभाजित करने के लिए नूरूद्दीन ने चित्र के मध्य में हल्के तरंगित टीले के रूप को सरलता से नियोजित किया है।

(i) चित्र का नाम व उप-शैली बताइए।

(ii) चित्र की दो मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

(ख) इस चित्र में पहाड़ को एक बड़ी छतरी के रूप में दिखाया गया है, जिसके नीचे सारे गाँव ने शरण ली हुई है।

(i) चित्र व चित्रकार का नाम बताइए।

(ii) संक्षेप में संयोजन व्यवस्था समझाइए।

**3.** (क) प्रसिद्ध मूर्तिकार पी.वी जानकीराम (कलाकार) ने अपनी निपुणता से अलग-अलग माध्यमों का प्रयोग करके मूर्तिकला के रचनात्मक संसार को एक नई दिशा दी।

अपने पाठ्यक्रम में शामिल उनकी मूर्तिकला का नाम, माध्यम व सौन्दर्यात्मक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(ख) "शिव और सती" चित्र के कलाकार का नाम बताइए व इसमें दिखाए गए भावों का वर्णन कीजिए ।

**4.** (क) "कबीर व रैदास" चित्र की संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए व कलाकार का नाम बताइए।

**अथवा**

(ख) "दारा शिकोह की बारात" किसकी कृति है ? विषय-वस्तु की सहायता से चित्र का वर्णन कीजिए।

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** *5×2=10*

*(Answer for these questions is expected in around 100 words.)*

**2.** (a) Nuruddin has ingeniously employed the device of soft undulating mound in the centre to divide the painting into two sections.

(i) Name the painting and sub-school.

(ii) Highlight any two main features of the painting.

**OR**

(b) This painting shows the mountain like a huge umbrella, under which the entire village takes refuge.

(i) Name the painting and its artist.

(ii) Explain the compositional arrangement in short.

**3.** (a) The famous sculptor (Artist) P.V. Janakiram gave a new direction to the creative world of sculptures by his mastery to use different materials.

Name the sculpture made by him describing the medium and the artistic qualities of the sculpture, from your course.

**OR**

(b) Identify and name the artist and mention the emotions revealed in the painting "Shiv and Sati".

**4.** (a) Describe the compositional arrangement of the painting "Kabir and Raidas" and name the artist.

**OR**

(b) Whose creation was "Marriage Procession of Dara Shikoh" ? Describe the painting with the help of subject matter.

**5.** (क) समुद्र की लहरों के तेज उफान के बीच एक ऊर्जा-भरी आकृतियाँ प्रकट होती नज़र आ रही है। आकृतियों की भंगिमा और उड़ते हुए वस्त्र किसी तूफान का प्रभाव दे रहे हैं।

(i) चित्र व चित्रकार का नाम बताइए।

(ii) कलाकार ने इस चित्र में क्या भाव दर्शाए हैं ?

**अथवा**

(ख) अपने पाठ्यक्रम में शामिल हैदराबाद शैली के चित्र का नाम, माध्यम व सौन्दर्यात्मक विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**6.** (क) अगर हम चौगान के खिलाड़ी चित्र की तुलना दक्कनी शैली में बने इसी विषय के चित्र से करें तो चौगान के खिलाड़ी में कोई क्षितिज रेखा व परिप्रेक्ष्य नहीं है जबकि दक्कनी शैली में गहराई व परिपेक्ष्य बेहतरीन तरीके से दिखाया है।

(i) दक्कनी कला के इस चित्र का नाम बताइए।

(ii) संक्षेप में संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(ख) राजस्थानी स्कूल के चित्र "चौगान के खिलाड़ी" का वर्णन कीजिए।

## खण्ड ग

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** *2×6=12*

*(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है।)*

दिए गए तीन दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**7.** राजस्थानी शैली के उद्भव व विकास पर एक लेख लिखिए व इसकी किन्हीं छह मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *3+3=6*

**8.** इस प्रसिद्ध मूर्तिकला में चार मांसल शरीर की स्वस्थ रचना वाले पुरुषों को भारी पत्थर उठाने के कठिन काम में व्यस्त दिखाया है। *3×2=6*

(i) मूर्तिकला व मूर्तिकार का नाम बताइए।

(ii) मूर्तिकार के माध्यम की व्याख्या कीजिए।

(iii) संयोजन व्यवस्था की व्याख्या कीजिए।

5. (a) There is turbulence in the waves where energized figures of the sea rise from the water. The posture of the figures and their fluttering garments depict the stormy atmosphere.

(i) Name the painting and the artist.

(ii) What emotions have been revealed in this painting by the artist ?

**OR**

(b) Explain the name, medium used and aesthetic qualities of a Hyderabad school painting which is included in your syllabus.

6. (a) There is no line of horizon or a sense of perspective if we compare Chaugan Players with a painting of Deccan School on a similar subject, where we can see better portrayal of depth and perspective.

(i) Name the painting from the Deccan school.

(ii) Describe the compositional arrangement of this painting in short.

**OR**

(b) Write about "Chaugan Players" painting from Rajasthani school.

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** *2×6=12*

*(Answer for these questions is expected in around 200 words.)*

Attempt any **two** questions from the given three long answer type questions :

7. Write a note on the origin and development of Rajasthani School and describe any six characteristic features of it. *3+3=6*

8. In this famous sculpture, four figures with perfect anatomical studies of men are engaged in an extremely difficult task of lifting a huge rock. *3×2=6*

(i) Name the sculpture and the artist.

(ii) Explain the medium of sculpture.

(iii) Explain the compositional arrangement.

**9.** “फलक पर बाज पक्षी” चित्र का वर्णन कीजिए।

- कलाकार का नाम *1*
- माध्यम व विषय वस्तु *2*
- रंग व संयोजन व्यवस्था *3*

**9.** Describe the painting "Falcon on a Bird rest".

- Name of the Artist *1*
- Medium and subject matter *2*
- Colour and compositional arrangement *3*